No. of Printed Pages : 2

एम.एच.डी.-7

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.ए. हिन्दी)

सत्रांत परीक्षा

07530

जून, 2015

एम.एच.डी.-7 : भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड क में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के तथा खण्ड ख के **दोनों** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

खण्ड क

*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :*

1. संप्रेषण की संकल्पना स्पष्ट करते हुए संप्रेषण के स्वरूप का विवेचन कीजिए । *10*

2. तुलनात्मक भाषा-विज्ञान का प्रारंभ कैसे हुआ और इसका भाषा-विज्ञान में क्या योगदान रहता है ? *10*

3. संरचनात्मक भाषा-विज्ञान में विश्लेषण की प्रक्रिया उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । *10*

4. स्वर और व्यंजन ध्वनियों में अंतर बताते हुए हिन्दी स्वरों का वर्गीकरण उदाहरण-सहित कीजिए । *10*

5. वाक्य से क्या अभिप्राय है ? इसका विवेचन करते हुए वाक्यात्मक युक्तियों की संकल्पना उदाहरण-सहित स्पष्ट कीजिए । *10*

6. शैलीविज्ञान से आप क्या समझते हैं ? इसे बताते हुए बहिरंग और अंतरंग आलोचना में अंतर स्पष्ट कीजिए । *10*

खण्ड ख

7. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* के बारे में अंतर स्पष्ट कीजिए : *2×5=10*

   (क) संप्रेषण और संचार

   (ख) उपसर्ग और प्रत्यय

   (ग) भाषा और बोली

   (घ) रूप-साधक और शब्द-साधक प्रत्यय

8. निम्नलिखित में से किन्हीं *दो* पर टिप्पणियाँ लिखिए : *2×5=10*

   (क) हिन्दी में अ-लोप

   (ख) हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी

   (ग) पदबंध की संकल्पना

   (घ) भाषा का प्रयोजनमूलक स्वरूप और हिन्दी